जिला शिक्षा अधीक्षक,कार्यालय,धनबाद

(समाहरणालय बिल्डिंग,सुसनीलेवा,भेलाटांड़,तृतीय तल–826004)

दूरभाष संख्या–9113327907 Email:-dse.dhanbad1@gmail.com, dse.dhanbad@gmail.com

पत्रांक 1383   दिनांक 04/07/2024

प्रेषक,

जिला शिक्षा अधीक्षक,
धनबाद।

सेवा में,

सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी,
प्रखण्ड संसाधन केन्द्र समन्वयक,धनबाद जिला।

विषयः– प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में विद्यालयों में तिथि भोजन आयोजन करने के संबंध में।

प्रसंगः– झारखण्ड राज्य मध्याहन भोजन प्राधिकरण के पत्रांक 304 दिनांक 02.07.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संदर्भ में अंकित करना है कि सभी विद्यालयों में विशेष पौष्टिक और स्वस्थ भोजन प्रदान करने के लिए समुदाय के सदस्यों और नागरिक सामाजिक संगठनों, पंचायती राज संस्था के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी के साथ 100 (एक सौ) दिनों के कार्यक्रम के दौरान किसी भी महत्वपूर्ण दिन, स्थापना दिवस, महापुरूषों के जन्म दिन,राष्ट्रीय नायकों के जन्म दिन, विशेष रूप से छात्रों एवं शिक्षकों के जन्म दिन पर कम से कम एक दिन तिथि भोजन का आयोजन कराया जा सकता है।

अतः अद्यतन संशोधन के साथ तिथि भोजन का क्रियान्वयन में निम्नवत बातों का ध्यान रखना आवश्यक हैः–

1. चावल / गेहूं / श्री अन्ना / फलिया / दालों के साथ–साथ हरी पत्तेदार सब्जियों से बना ताजा पका हुआ पौष्टिक और स्वस्थ भोजन का संतुलित आहार परोसा जाएगा।
2. जंक फूड **(Noodles, Chips, Chocolates etc)** और बासी खाना नहीं परोसा जाना चाहिए तथा छात्रों और भाग लेनेवाले समुदाय के सदस्यों के बीच जंक फूड के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई जानी चाहिए।
3. स्थानीय स्वाद और पसंद के अनुसार खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने में पर्याप्त सावधानी बरती जानी चाहिए।
4. यह पूर्ण भोजन अथवा पोषण में वृद्धि हेतु पूरक पोषण के रूप में भी दिया जा सकता है।

5. तिथि भोजन को भी अभिभावक अथवा अन्य सदस्यों/व्यक्तियों द्वारा चखने के पश्चात ही छात्रो के बीच वितरित किया जाना चाहिए। विद्यालय में रक्षित चखना पंजी में भी इसका संधारण होना चाहिए।

6. तिथि भोजन मेनू और दाताओं की पहचान पर चर्चा और योजना बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति की एक बैठक आयोजित की जा सकती है।

उपयुक्त आयोजन पूर्ण होने के पश्चात निम्न दो प्रपत्र में प्रखण्डवार आयोजनों का विवरणी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे:–

प्रपत्र–1

क्र.	प्रखण्ड का नाम	कुल विद्यालयों की संख्या	विद्यालयों की संख्या जहां तिथि भोजन दिवस मनाया गया	कुल नामांकन	तिथि भोजन दिवस पर लाभान्वित होने वाले छात्रों की संख्या
1	2	3	4	5	6

प्रपत्र–2

प्रखण्ड का नाम	आयोजन की तिथि	विद्यालयों का नाम	लाभान्वित छात्रों की संख्या	विशेष भोजन का विवरण	समुदाय/व्यक्ति जिनके द्वारा उपलब्ध कराये गये विशेष भोजन का विरण	उपलब्ध कराये गये भोजन पर कुल व्यय (रूपये में)
	2	3	4	5	6	7

विश्वासभाजन

04/07/24

जिला शिक्षा अधीक्षक,
धनबाद।

04/07/24